आकाशवाणी शिमला

20.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

प्रचार

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 सीटों पर विधानसभा उप चुनाव के लिए पहली जून को होने वाले मतदान में अब 10 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार चरम की ओर बढ़ने लगा है और भाजपा व कांग्रेस समेत अन्य प्रत्याशियों ने प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों ही प्रमुख दलों ने अपने शीर्ष केंद्रीय नेताओं को राज्य में प्रचार के लिए बुलाने का कार्यक्रम बनाया है। इसी कडी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 मई को नाहन और मण्डी में दो बड़ी चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं दूसरी ओर आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी के कई शीर्ष नेताओं द्वारा भी प्रदेश में चुनाव प्रचार करने की संभावना है।

मुख्यमंत्री

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज चंबा जिले के चुराह विधानसभा क्षेत्र में कांगड़ा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। भंजराडू में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा सांसदों पर प्रदेश हित से जुड़े मुददों को संसद में उठाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि आनंद शर्मा ने राज्यसभा सांसद रहते हिमाचल के हितों की प्रमुखता से पैरवी की है और लोकसभा चुनाव जीतने के बाद भी वे प्रदेश हित से जुड़े मुददों को मजबूती के साथ उठाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार का चुनाव देश व प्रदेश की भावी राजनीति को नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस छोड भाजपा में शामिल हुए 6 विधायकों को सबक सिखाने का समय है और कांग्रेस पार्टी चारों लोकसभा सीटों के अलावा 6 विधानसभा सीटों में भी जीत हासिल करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास धन बल नही है लेकिन जनता की ताकत ही पार्टी की शक्ति है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही कर्मचारियों की पुरानी पैंशन योजना बहाल की है और अन्य गारंटियों को भी चरणबद्ध ढंग से पूरा किया जा रहा है।

विक्रमादित्य सिंह

मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने आज मण्डी जिले के अनेक स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि वे विकास के एक विजन के साथ लोगों के बीच जा रहे हैं जबकि भाजपा प्रत्याशी के पास अपना कोई विजन नहीं है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी सिर्फ प्रधानमंत्री के नाम पर ही वोट मांग रहे हैं जबकि उनकी अपनी कोई प्राथमिकता नहीं है। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि मण्डी को स्मार्ट सिटी का दर्जा देना, पर्यटन स्थलों का विकास और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना उनकी मुख्य प्राथमिकताएं हैं।

कंगना रनौत

इस बीच भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने आज लाहौल स्पिति जिले के काज़ा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर भी उनके साथ रहे। कंगना रनौत ने कांग्रेस प्रत्याशी पर अपने परिजनों द्वारा किए गए कार्यों का श्रेय लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य सिंह विकास के मुददों के बजाए व्यक्तिगत टिप्पणियां कर रहे हैं जो सही नहीं है। रनौत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक ओर जहां आतंकवाद का खात्मा हुआ है वहीं सीमाओं को भी सुदृढ

किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश की सामरिक शक्ति कई गुणा बढ़ी है और आज सैन्य शक्ति की दृष्टि से भारत दुनिया में तीसरे नम्बर पर आ गया है।

सुरेश कश्यप

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने आज सिरमौर जिले के अनेक स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि नरेन्द्र मोदी प्रचंड बहुमत के साथ लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन रहे हैं और इन चुनावों में कांग्रेस पार्टी को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ेगा। सुरेश कश्यप ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में भ्रष्टाचार पर पूरी तरह अंकुश लगा है जो सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने स्कूलों में नशे के खिलाफ जागरूकता बढाने की जरूरत पर बल दिया है। उन्होंने आज शिमला में ब्रह्म कुमारी संस्था द्वारा चलाए गए नशामुक्त भारत अभियान को हरी झण्डी दिखाई। इस अभियान के तहत तीन सप्ताह तक लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में नशा बड़ी तेजी से युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है और इस समस्या से निजात पाने में समाजसेवी संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि ब्रह्म कुमारी संस्था द्वारा नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं और इनके द्वारा बनाए गए वीडियो को स्कूलों में बच्चों को दिखाया जाना चाहिए।